फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.) आसीन्द ,जिला भीलवाड़ा

मगदू बनाम नारायण

प्रकरण संख्या 178/2021

किस्म मुकदमा प्रार्थना पत्र (विविध)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिसियल्स जज
14.06.2022	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थिया उपस्थित है। वकील प्रार्थिया ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर संक्षेपतः निवेदन किया है कि न्यायालय हाजा में राजस्व वाद संख्या 667/2014 में दिनांक 30.06.2017 को अबेट होना मानकर खारिज कर दिया गया था जिसमें न्यायालय आप द्वारा डिक्री मुर्तिब नहीं की गयी थी। उक्त प्रकरण की अपील प्रार्थिया द्वारा श्रीमान् भू प्रप्रबन्ध अधिकारी एंव पदेन राजस्व अपील अधिकारी भीलवाड़ा के न्यायालय में अपील संख्या 350/2017 प्रस्तुत की गयी थी जो दिनांक 25.09.2019 को वाद में डिक्री मुर्तिब के अभाव में खारिज कर दी गयी थी। अपीलीय न्यायलय नें अपने अपील निर्णय में निर्देश जारी किये है कि अपीलार्थी / वादी अधीनस्थ न्यायालय से डिक्री प्राप्त होने पर पुनःअपील प्रस्तुत करने के लिये स्वतंत्र होगा। अतः श्रीमान् से प्रार्थना है कि न्यायालय श्रीमान् भू प्रबन्ध अधिकारी एंव पदेन राजस्व अपील अधिकारी भीलवाड़ा के निर्णय अनुसार न्यायालय हाजा की पत्रावली संख्या 667/2014 में डिक्री पर्चा कायम कराया जावें ताकि उक्त निर्णय के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की जा सकें। वकील प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर मूल वाद निर्णित पत्रावली प्रकरण संख्या 667/2014 को तलब किया गया। मूल पत्रावली तथा प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजात / अपीलीय न्यायालय के निर्णय का अवलोकन / अध्ययन किया गया जिससे स्पष्ट हुआ कि वाद प्रकरण संख्या 667/2014 निर्णय दिनांक 30.06.2017 को अबेट होना मानकर खारिज कर दिया गया था लेकिन निर्णय अनुसार डिक्री पर्चा कायम नहीं किया गया है। निर्णित वाद पत्र में निर्णय अनुसार डिक्री पर्चा कायम किया जाना न्यायालय न्यायहित मे उचित समझता है। अतः प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। मूल वाद पत्र प्रकरण संख्या 667/2014 में पारित निर्णय अनुसार डिक्री पर्चा कायम किया जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावें। पत्रावली को मूल वाद पत्र के साथ संलग्न किया जावें। निर्णय आज दिनांक 14.06.2021 को सरे इजलास सुनाया गया। सहायक कलक्टर(S.D.O.) आसीन्द

Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2022.06.24 12:56:51 IST
Reason: SelfAttested